वर्ष : 1 | अंक : 2 | नवम्बर - दिसम्बर 2023

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(उच्च शिक्षा हेतु श्रेष्ठ विश्वविद्यालय)

## न्यूज़ लेटर

हिन्दी संस्करण

### नित-नूतन उपलब्धियों को हासिल करता विश्व-फ़लक पर चमकता सितारा










2023

www.gbu.ac.in

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय : वर्ष 2023 की उपलब्धियों पर एक नज़र




नवम्बर-दिसम्बर माह वर्तमान वर्ष को विदा करते हुए नव वर्ष को आमंत्रित कर रहे होते हैं। देखा जाय तो नव वर्ष का आगमन पुराने वर्ष के पगचिन्हों पर टिका होता है, ठीक वैसे ही जैसे कि किसी विद्यार्थी या व्यक्ति की सफलता कई ज्ञात-अज्ञात व्यक्तियों के परिश्रम, त्याग तथा शुभकामनाओं के पगचिन्हों पर टिका होता है। कभी कभी तो किसी की अमंगल कामनाएँ भी प्रगति में साधक बन जाती हैं। अमंगल कामनाओं से व्यक्ति के अहं को चोट पहुँचती है और 'चट्टान खिसकेगा तो खिसकेगा' का प्रण उसके जीवन में बाधक नहीं, साधक बन जाता हैं।

विकास एक सतत् प्रक्रिया है और विश्वविद्यालय की नींव सतत् प्रक्रिया से ही मजबूत होती है। इसी क्रम में एक ओर दिसम्बर के आखिरी सप्ताह तक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सत्रीय परीक्षा देते हुए इस वर्ष को विदा किया है तो दूसरी ओर विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह में 7914 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुँचने का मार्ग खोल दिया है।

यह साल कई अर्थों में विश्वविद्यालय के लिए महत्त्वपूर्ण रहा है। एक ओर विश्वविद्यालय को 'एकैडेमिक इन्साइट्स मैगज़ीन' के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए जारी प्रथम दस सूची (Top Ten) में स्थान प्राप्त होने के साथ ही उच्च शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 'अकादमिक अंतर्दृष्टि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2023' प्राप्त हुआ है तो दूसरी ओर विश्वविद्यालय ने प्रमुख निजी शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों सहित विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों में रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से इसे ज्ञान के केन्द्र के रूप में स्थापित करने के लिए गौतम बुद्ध नगर में 'नोएडा एंड ग्रेटर नोएडा नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर' के गठन की शुरूआत की है। इसके साथ ही 'ओमनीप्रेजेन्ट रोबोट टेक्नॉलॉजी' के स्टार्ट-अप के साथ मिलकर ड्रोन तकनीकी में उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया है। विश्वविद्यालय भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को आरंभ करने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) को लागू कर अपनी योजनाओं को आवाहन किया है।

मात्र इतना ही नहीं, एक तरफ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेलों के मेज़बानी में भी व्यस्त रहा है, जैसे कि अखिल भारतीय स्तर पर बास्केट बॉल और वेट लिफ्टिंग स्पर्धाओं के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम, कॉमनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023 के साथ-साथ एशियाई जूनियर और यूथ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023, सातवें एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाज चैम्पियनशिप की मेज़बानी कर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है, तो दूसरी ओर छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। छात्रों ने नेपाल में आयोजित कोंति एम्बेसडर ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है, छात्र शिवम् गुप्ता का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड तथा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हुआ है।

अपनी उपलब्धियों से समृद्ध वर्ष 2023 को विदा करने वाले विश्वविद्यालय के कदम अपनी नव योजनाओं के साथ 2024 का स्वागत कर रहे हैं...

## राजयोगिनी बीके शिवानी जी का प्रवचन



ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बीटा दो के बीसवें स्थापना दिवस पर 4 नवम्बर, 2023 को शाम 6 बजे से गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में राजयोगिनी बीके शिवानी जी ने जीवन-दर्शन के गुढ़ रहस्यों को समझाया और दीपावली के अवसर पर मन की स्वच्छता एवं मन के दरवाजे खोलने की शिक्षा दी।

## व्याख्यान माला



दिनांक 6 नवम्बर, 2023 को स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एवं गवर्नेंस के द्वारा 'पर्यावरण विधि की प्रासंगिकता एवं संविधान की प्रस्तावना' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा तथा कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी की देख रेख में किया गया। इस व्याख्यान में डॉ. एल.पुष्प कुमार, विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा भगवान स्वरूप शुक्ल, अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय मुख्य वक्ता के रूप में रहें। डॉ. पुष्प कुमार ने आज के पर्यावरण एवं भारतीय संस्कृति के महत्त्व को समझाते हुए कहा कि पर्यावरण के जिन सिद्धांतों के लिए हम पश्चिम को मूल बिन्दु मानते हैं, यह सब कहीं न कहीं भारत के वेदों और भारतीय संस्कृति का महत्त्वपूर्ण अंग है। अधिवक्ता भगवान स्वरूप शुक्ल जी ने कहा कि भारत का संविधान अपना हमारा है और इसके मर्म को जानने की आवश्यकता है। हम ईमानदार होंगे तभी हम अपने समाज का कल्याण कर सकेंगे। साथ ही साथ उन्होंने अपनी मातृभाषा में विधि को पढ़ने एवं शोध करने की प्रेरणा दी।

## समझौता ज्ञापन

8 नवम्बर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के लिए ड्रोन वैन प्राइवेट लिमिटेड (डीवीपीएल) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है । इस समझौते के तहत जीबीयू में ड्रोन तकनीकि के पाठ्यक्रम के साथ ड्रोन पायलट ट्रेनिंग, मरम्मत एवं संयोजन होगा ।

इस साझेदारी के माध्यम से अत्याधुनिक ड्रोन फोरेंसिक लैब की स्थापना का सपना पूरा हो सकेगा । इससे इच्छुक पेशेवरों और कानून परिवर्तन एजेंसियों को जीबीयू का परीक्षण एवं समर्थन प्राप्त होगा । जिससे ड्रोन फोरेंसिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी । जी.बी.यू. और ड्रोन वैन प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह समझौता विभिन्न उद्योगों नवाचार, अनुसंधान और ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देने सक्षम होगा ।



### दीवाली मिलन कार्यक्रम

8 नवम्बर, 2023 को जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा तथा कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी की देखरेख में विश्वविद्यालय सभागार में ‘दीवाली मिलन 2023’ का आयोजन किया गया । इसमें सभी शैक्षिक एवं गैरशैक्षणिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया । रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे विश्वविद्यालय परिसर में दीपावली पर्व की खुशियों से विश्वविद्यालय परिसर गुलजार रहा तथा सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ दीं ।

### महिला छात्रावासों में दीपावली

6, 7, 8 नवम्बर, 2023 को सावित्री बाई फुले महिला छात्रावास, महादेवी वर्मा महिला छात्रावास, रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास, महामाया महिला छात्रावास, रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास, इस्मत चुगताई महिला छात्रावास में अलग अलग दिनों में दीपावली मनाई गई । जिसमें छात्रावास की छात्राएँ, अभिरक्षिकाएँ एवं कर्मचारियों ने छात्रावास में लक्ष्मी माँ का आवाह्न करते हुए छात्रावास को रौशन किया ।

### रानी लक्ष्मीबाई जयंती

19 नवम्बर, 2023 को लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई । जिसमें अभिरक्षिका, छात्रावास की सहयोगी कर्मचारी तथा छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा डॉ. रेनू यादव ने छात्राओं के साथ मिलकर रानी लक्ष्मीबाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर चर्चा करते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता ‘खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झाँसी वाली रानी थी’ का पाठ किया ।

### हृदय स्वास्थ्य तथा सीपीआर थेरपी पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

9 नवम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय में जी.बी.यू. डिस्पेंसरी एवं सोशल वर्क विभाग द्वारा यथार्थ अस्पताल के सहयोग से ‘हृदय को स्वस्थ कैसे रखें’ तथा हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज को प्राणरक्षक प्राथमिक उपचार ‘सीपीआर थेरेपी’ विषय पर एक परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ से अधिक छात्र-छात्राएँ सहित शिक्षकगण मौजूद रहें । इस अवसर पर यथार्थ अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपांकर ने हार्ट अटैक की स्थिति में प्राथमिक उपचार ‘सीपीआर थैरेपी’ के विषय में विस्तार से डेमो देते हुए श्रोताओं को बताया कि कैसे सही विधि से सीपीआर थेरेपी देते हुए अस्पताल में पहुँचाने तक मरीज की जान बचायी जा सकती है । जिसमें कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने वाले इस प्रकार के आयोजन को समय समय पर आयोजित किए जाने पर ज़ोर दिया ।




## 74वाँ संविधान दिवस समारोह

20 नवम्बर, 2023 को स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एवं गवर्नेंस, जीबीयू द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ती प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहें । इस अवसर पर न्यायमूर्ती जी ने न्यायिक समीक्षा के महत्त्व को समझाते हुए संविधान के निर्माण, इसमें शामिल प्रयासों और संविधान निर्माताओं के दृष्टिकोण के बारे में उन्होंने बताया और कहा कि भारतीय संविधान ही एकमात्र ऐसा संविधान है जो एक सामाजिक दस्तावेज़ है । उन्होंने भारत में लंबित कानूनी मुकदमों पर भी ज़ोर दिया और कहा कि इसके समाधान में न्यायपालिका के साथ-साथ वकीलों और संकायों की भी भूमिका होती है । इस कार्यक्रम को संविधान सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया । जिसमें अंतर्विश्वविद्यालयी संसदीय बहस प्रतियोगिता, अंतर्विश्वविद्यालयी क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता रखी गई । जिसका विषय भारतीय संविधान दिवस से संबंधित रहा ।

## नव नालंदा महाविहार के 73वें स्थापना दिवस समारोह में जीबीयू के कुलपति की शिरकत






दिनांक 21 नवम्बर, 2023 को नव नालंदा महाविहार के 73वें स्थापना दिवस समारोह में जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा जी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित रहें । इस अवसर पर प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि नव नालंदा महाविहार पालि, बौद्ध अध्ययन एवं अन्य विषयों-साहित्यों के अध्ययन के लिए विख्यात है । यहाँ सभी को ज्ञानवर्द्धन के लिए अवश्य आना चाहिए । साथ ही अगले दिन उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा किया और वहाँ के छात्रों एवं प्राध्यापकों से मिलें ।

**कार्यशाला :** 21 से 23 नवम्बर, 2023 तक स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एंड गवर्नेंस, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा भारत डिजिटल अकादमी, अलीगढ़ के सहयोग से 'अनुसंधान पद्धति में आधुनिक रूझान' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उद्देश्य गुणात्मक और मात्रात्मक तरीकों पर ध्यान देने के साथ प्रतिभागियों को अनुसंधान पद्धति में नवीनतम रूझानों का अवलोकन प्रदान करना है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीबीयू के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी रहें । कार्यशाला के तकनीकि सत्र के उद्घाटन में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय प्रोफेसर नौशाद अली ने कानून के क्षेत्र में अनुसंधान की पद्धति के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध पद्धति का चुनाव शोध प्रश्न और एकत्र किए जा रहे डेटा के प्रकार पर निर्भर करता है । दूसरे दिन प्रोफेसर नाज़िम ने 'अकादमिक लेखन और उसका प्रभाव बढ़ाने' पर व्याख्यान दिया । डॉ. राज कुमार भारद्वाज ने 'अनुसंधान अनुदान प्रस्ताव लेखन' विषय पर व्याख्यान दिया । श्री रफीक ने अनुसंधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक की भूमिका पर बात की । उन्होंने प्रतिभागियों को चैटजीपीटी और बार्ड जैसे एआई उपकरणों का प्रभावी उपयोग करने के विषय जानकारी दी तथा उन्होंने इन उपकरणों पर अधिक निर्भर न रहने की भी सलाह दी क्योंकि इससे रचनात्मक कौशल में बाधा आयेगी । जेएनयू की डॉ. मनोरमा ने साहित्यिक चोरी से बचने के उपाय एवं प्रकाशन के लिए प्रेडेटरी पत्रिकाओं से बचने के उपाय पर चर्चा की । समापन सत्र में श्री आर.बी. शर्मा ने व्यक्ति के मौलिक कर्तव्यों के महत्त्व पर विशेष रूप से उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के कर्तव्य पर बल दिया ।



**8वाँ स्वास्थ्य मनोविज्ञान का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जीबीयू के कुलपति मुख्य अतिथि :** दिनांक 1-2 दिसम्बर, 2023 को गोवा के गोवन हेरिटेज रिजॉर्ट में 8वाँ स्वास्थ्य मनोविज्ञान का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ था, जिसमें जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित रहें । इस दौरान देश विदेश के सम्मानित मनोवैज्ञानिकों, कनाडा से डॉक्टर शारदा श्री अम्मा, यूजीसी से डॉ. अर्चना ठाकुर, प्रो. आनंद कुमार, प्रो. पंच रामा लिंगम, प्रो. बी.सी.कर, प्रो. अर्चना शुक्ला ने व्याख्यान दिया तथा समापन गोवा सरकार के मंत्री मा. श्री गोविंद गौड के द्वारा हुआ ।

**शोध छात्रा तराना सिंह का कॉपीराइट प्रकाशित :** जीबीयू के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग स्कूल ऑफ इनफार्मेशन के सहयोग से कम्युनिकेशन टेक्नोलोग्य की शोध छात्रा तराना सिंह ने 'A Novel IoT & ML based Framework for Smart Home Energy Management Recommendation System using Integration Affinity Propagation Algorithm with SWIMAX Gated Kaiming Recurrent Unit Technique" पर सफलतापूर्वक एक कॉपीराइट प्रकाशित हुआ । उनके प्रकाशन कार्य का उद्देश्य स्मार्ट घरों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग करके ऊर्जा अनुकूलन करना है, जो भारत जैसे विकासशील देशों की स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ एवं हरित समाधान प्रदान करता है ।






**सीपीएचआई एवं पीएमइसी 2023 का आयोजन :** 11दिसम्बर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में CPHI & PMEC 2023, भारत का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में विश्व स्तरीय फार्मास्यूटिकल विशेषज्ञ, उद्योग के नेता और नवाचारक भारत एक्सपो मार्ट, नॉलेज पार्क 2, ग्रेटर नोएडा में एकत्र हुए । इस कार्यक्रम की सफलता में जीबीयू के छात्रों ने अपने अथक प्रयास एवं उत्साह से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

**तीन दिवसीय प्रेरणा विमर्श – 2023** : दिनांक 15 से 17 दिसम्बर, 2023 तक 'स्व – भारत का आत्मबोध' थीम पर तीन दिवसीय प्रेरणा विमर्श का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 'नारी शक्ति राष्ट्र वंदन यज्ञ' से हुआ तथा दूसरे दिन मीडिया एवं प्रेरणा चित्रभारती लघु फिल्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आई 200 से अधिक फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। तीसरे दिन समापन में प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंद कुमार, जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलदेव भाई शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार रूबिका लियाकत शामिल हुईं।

# जीबीयू को अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त










**यह गर्व का विषय है कि 17 दिसम्बर, 2023 को उच्च शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को 'अकादमिक अंतर्दृष्टि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार – 2023' प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार एकेडमिक इनसाइट संगठन द्वारा आयोजिक अकादमिक इनसाइट एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2023 समारोह के दौरान प्राप्त हुआ। पुरस्कार प्राप्ति पर जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह पुरस्कार विश्वविद्यालय को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह पुरस्कार गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि के रूप में स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरूण सोलंकी ने प्राप्त किया।**



**इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छात्र शिवम का नाम :** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र शिवम गुप्ता का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। यह रिकॉर्ड 17 अगस्त 2023 को एक हाथ से सबसे अधिक संख्या में मिट्टी के बर्तन के मटके संतुलित करने की प्रतिभा के लिए दर्ज हुआ है। इससे पहले शिवम गुप्ता का नाम इसी साल लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में 1 मिनट 45 स्क्वैट्स-अल्टरनेटिंग लेग्स कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दर्ज हुआ था। ऐसा प्रदर्शन करने वाले शिवम एशिया में पहले स्थान पर रहें।

20 दिसम्बर, 2023 को इन्टरनेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 33वें एनुअल ग्लोबल कॉन्फ्रेन्स 2023 के Emerging Challenges, Pandemics, Industrial Disasters and the Fire Safety सत्र में पैनल विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष के रूप में जीबीयू के कुलपति प्रो. आर.के. सिन्हा ने शिरकत की।




33वें एनुअल ग्लोबल कॉन्फ्रेन्स 2023 में प्रो. आर.के.सिन्हा



**गणितज्ञ रामानुजन की जयंति :** 21-22 दिसम्बर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में गणित के पितामह विश्व प्रसिद्ध रामानुजन की जयंति मनाई गई। इस कार्यक्रम में देश के जाने माने गणित विशेषज्ञ उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मोहाली से प्रो. कृष्णेन्दु ज्ञानोपाध्याय एवं जे.एन.यू. दिल्ली से प्रो. मनोज वर्मा ने गणित संबंधी समस्याओं और उनका समाधान जैसे गहन विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।



---

**राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी :** 21 से 27 दिसम्बर, 2023 को जीबीयू के इंडोर परिसर में सातवें एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। इस चैम्पियनशिप में लगभग 300 महिला मुक्केबाज ने हिस्सा लिया।



# दीक्षांत समारोह

24 दिसम्बर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के मुख्य प्रेक्षागृह में दीक्षांत समारोह का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री व गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ा दी। इस समारोह में विश्वविद्यालय के 8 संकायों के विद्या वाचस्पति, स्नातकोत्तर एवं स्नातक के 7914 छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गईं। समारोह में माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के कर कमलों द्वारा 8 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया तथा साथ ही म्यांमार,वियतनाम, लाओस, थाईलैंड और ताइवान के पाँच विद्यार्थियों को भी उपाधियाँ प्रदान की गईं।








समारोह में जीबीयू के माननीय कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने स्वागत वचन में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें खुशी है कि हाल ही में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को इस वर्ष का 'अकादमिक अंतर्दृष्टि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2023' प्राप्त हुआ है, जो कि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय पुरस्कार के लिए जाना जाता है। यह विश्वविद्यालय माननीय कुलाधिपति श्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन एवं देख-रेख में उत्तरोत्तर वृद्धि कर रहा है। मैंने जबसे यहाँ कुलपति के पद पर सेवाएँ देनी शुरू की हैं, तब से लेकर अब तक जो मेरा अनुभव रहा है, उस आधार पर मैं कह सकता हूँ कि जिस प्रकार माननीय कुलाधिपति जी का प्रोत्साहन हमें प्राप्त हो रहा है, वह दिन दूर नहीं, जब ग्लोबल विश्वविद्यालय बनने का हमारा सपना पूर्ण हो जायेगा।

मैं सहर्ष यह बताना चाहता हूँ कि सन् 2022-23 में विश्वविद्यालय द्वारा 20 से अधिक समझौता-ज्ञापन किया गया है। इन दो वर्षों में विश्वविद्यालय में लगभग 200 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी / सम्मेलन, एफ.डी.पी., एक्सपर्ट लेक्चर, वर्कशॉप आदि का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण अपने योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन्हें कई प्रमुख एवं स्थापित संस्थाओं से विगत वर्ष में 12 SIA परियोजनाएँ तथा 16 शोध-परियोजनाएँ प्राप्त हुई हैं एवं चल रही हैं। विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष लगभग 60 से 70 प्रतिशत प्लेसमेंट होता है तथा ICT एवं मैनेजमेंट में 80 से 90 प्रतिशत छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट होता है। इस वर्ष छात्र ओम शर्मा को 51 लाख का सालाना पैकेज प्राप्त हुआ है।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने अपने प्रांगण में अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद्, भारत सरकार के सहयोग से यूनेस्को-इंडिया-अफ्रीका हैकथॉन प्रतियोगिता, खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022, राष्ट्रमंडल खेल और एशियन गेम्स की सफलतापूर्वक मेज़बानी की है। विश्वविद्यालय में प्रवेश की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। सत्र 2021-22 में विश्वविद्यालय में नामांकन संख्या 1649, सत्र 2022-23 में 1850 तथा सत्र 2023-24 में 2272 रही है। स्वागत वचन के अंत में कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने छात्रों को बधाई दिया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।





उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व जीबीयू के माननीय कुलाधिपति श्री योगी आदित्यनाथ जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए महात्मा गौतम बुद्ध के सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी । छात्रों को मंगलकामनाएँ देते हुए उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम महात्मा गौतम बुद्ध के नाम पर रखा गया है । महात्मा बुद्ध ने जीवन में जिन रहस्यों को उद्घाटित किया वे जीवन के इर्द-गिर्द घटती हैं । बुद्ध ने हमें सिखाया है कि हमें समस्याओं को स्वीकार करने आना चाहिए । जैसे ही हम समस्याओं को स्वीकार करते हैं हमें समाधान का भी रास्ता दिखाई देने लगता है ।

उन्होंने बताया कि दीक्षांत उपदेश भारत की गुरूकुल परंपरा से आई है, जिसमें एक गुरू शिक्षा के उपरांत अपने शिष्य को उपदेश देता है कि तुमने जो भी ज्ञान प्राप्त किया है, उसका सार यही है कि सत्य बोलो और धर्म के मार्ग पर चलो । धर्म पूजा पद्धति नहीं है, बल्कि सदाचार, नैतिक मूल्य और कर्तव्य का समन्वित रूप है । उपासना पद्धति देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है लेकिन धर्म शाश्वत व्यवस्था है ।

उन्होंने छात्रों को सीख देते हुए कहा कि बुद्ध ने जो संघं शरणं गच्छामी का उपदेश दिया है उसका अर्थ है कि टीम में काम करना चाहिए विश्वविद्यालय हो, परिवार हो अथवा उद्योग जगत्, टीम वर्क हमेशा सकारात्मक परिणाम देती है ।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को केवल डिग्री बाँटने का सेंटर नहीं बनना चाहिए । शिक्षण संस्थानों का निर्माण समाज के सहयोग से प्राप्त पैसों से होता है, तो हमें माता पिता और गुरू के प्रति कृतज्ञता का भाव तो रखना ही है, साथ ही समाज के प्रति भी कृतज्ञ होना चाहिए ।

मुख्यमंत्री जी ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कार्यों एवं प्रगति की सराहना की तथा विश्वविद्यालय का जेवर एयरपोर्ट के 'सोशल इम्पैक्ट स्टडी' कार्य की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि इससे फेकल्टी एवं छात्रों को नया अनुभव मिला तथा आर्थिक सहायता भी प्राप्त हुई ।

अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए छात्रों को शुभाशीष दिया ।

# मुख्य अतिथि



समारोह के मुख्य अतिथि माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ी जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए निमंत्रण दिए जाने को अपने जीवन का सुखद पल बताया । उन्होंने अपने वक्तव्य में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर दृष्टिपात करते हुए उत्तर प्रदेश को लॉ एंड ऑर्डर का रोल मॉडल बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

उन्होंने इस दीक्षांत समारोह को अनोखा बताते हुए कहा कि इस दीक्षांत समारोह में आत्मविश्वास, विकास एवं सभ्य आचरण के आयाम हैं । दीक्षांत समारोह एक विद्यार्थी के जीवन में बहुत बड़ा पड़ाव भी है; यह माइल स्टोन भी है और उसके जीवन का गेम चेंजर भी । आज 7914 छात्रों को डिग्री मिली है, उनके प्रयास, आकांक्षाएँ एवं सपने डिग्री के रूप में फलीभूत हुए हैं । तत्पश्चात् उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के इकोसिस्टम में समय व्यतीत करने की बात करते हुए कहा कि किसी भी समाज के लिए  खास तौर से प्रजातांत्रिक समाज के लिए यह बहुत जरूरी कि हम आम आदमी अपना सर उठा कर चलें, कि मेरे को वही अधिकार है जो दूसरे को है - All we are treated equally.

उन्होंने भारत के अभूतपूर्व विकास की ओर इंगित करते हुए विश्व में पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सन् 2030 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की संभावना व्यक्त की । साथ ही उन्होंने सन् 2047 तक भारत को विश्व गुरू के रूप में विकसित राष्ट्र बनने का निश्चयात्मक ज़ोर दिया ।

उन्होंने विघटनकारी प्रौद्योगिकी के दौर में क्वांटम कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंजेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 5जी, 6जी की उपयोगिता पर बात करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को नालंदा और तक्षशीला के स्तर ले आने की माँग की है । साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश जैसे उत्तम प्लेस में स्थित संस्था (गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय) को नर्चर करने और इसके विशाल कैंपस के जबरदस्त इंफ्रास्ट्रक्चर में उच्चतम् प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग एवं सभ्यता के लोकोचार का पूर्ण प्रतिबिम्ब संबंधी अनंत संभावनाओं को देखा । जिसके लिए एक उदाहरण नया पार्लियामेंट हाऊस है तथा संभावनाओं को हक़ीकत में बदलने की दिशा में जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा को निमंत्रण दिया ।

उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में कहा कि उनका अटूट विश्वास भारतीयता में है । वे हमेशा देश के हित को हर चीज से ऊपर रखेंगे । उन्होंने सभा में उपस्थित समस्त सदस्यों को भारत के गौरवान्वित नागरिक होने की अनुभूति करवाते हुए विश्वविद्यालय एवं छात्रों को शुभकामनाएँ दीं ।

समारोह के अंत में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पी. मलकानिया जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. शक्ति साही ने किया । कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में 8 संकायों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं ।



गोवर्धन लाल चौमाल स्मृति अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार 2023 : 25 दिसम्बर, 2023 को जीबीयू के भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग की फेकल्टी डॉ. रेनू यादव को उनकी कहानी संग्रह 'काला-सोना' के लिए उन्हें 'वैखरी' संस्था द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'गोवर्धन लाल चौमाल स्मृति अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार 2023' के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।




जीबीयू में सत्रीय परीक्षा का आयोजन : गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ससमय परीक्षाओं के आयोजन में अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है । कोरोना जैसी महामारी में भी जीबीयू की परीक्षाएँ ससमय ही होती रही हैं। सेशन 2023-24 की विषम सत्र की परीक्षाएँ 11 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।





विदाई समारोह: दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 को जीबीयू के लेखाधिकारी को उनके सेवा-निवृत्त होने पर विश्वविद्यालय के सदस्यों ने विदाई समारोह का आयोजन किया तथा 30 नवंबर 2009 से 31 दिसम्बर, 2023 तक उनके सपर्पित भाव से सेवा के लिए बधाई दी।

**पीएच.डी. उपाधि** : नवम्बर-दिसम्बर माह में विभिन्न संकायों के 13 शोधार्थियों अर्चना प्रकाश, कोमल, अमरीश मिश्रा, फेम थी थू वेन, जेमिनी जोशी, शर्मिष्ठा भाटी, शशांक शर्मा, आशा रानी, डाल चन्द्र, गार्गी बंसल, शिल्पी कालरा, राहुल सिंह, हैदर अली को पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई।

**प्रोजेक्ट :** जीबीयू के बायोटेक्नॉलॉजी विभाग के डॉ. भूपेन्द्र चौधरी तथा डॉ. शक्ति साही को SERB का मेजर प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ



**संपादकीय-मंडल**

**प्रमुख संरक्षक : प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**संरक्षक : डॉ. विश्वास त्रिपाठी, कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**मुख्य संपादक : प्रो. बंदना पांडेय, अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय**

**हिन्दी संस्करण : डॉ. रेनू यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय**

**डिज़ाइनिंग : श्री राज कुमार, तकनीकी अधिक्षक, सीसीसी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**शिक्षणेत्तर सहयोगी : अमित, कार्यालय सहायक, कुलपति ऑफिस, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

नोट : यह न्यूज़ लेटर विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को रेखांकित करने हेतु सूचना मात्र है, न कि कानूनी दस्तावेज़ ।


**गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी**
**नियर यमुना एक्सप्रेसवे ग्रेटर नॉएडा**
**गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश-201312 (इंडिया)**
**फ़ोन न.: 0120-2344200**